# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 286 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 22 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## वसुंधरा राजे को 'बेबस' कहना हास्यास्पद बीजेपी प्रदेश प्रभारी का कांग्रेस पर तीखा हमला

### नकली पत्र मामले में पार्टी एकजुट, महिला सशक्तिकरण पर भी साधा विपक्ष पर निशाना

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

नकली पत्र विवाद के बीच बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समर्थन में खुलकर मोर्चा संभाल लिया है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वसुंधरा राजे जैसी नेता के लिए 'बेबस' शब्द का प्रयोग करना हास्यास्पद है और यह विपक्ष की मानसिकता को दर्शाता है।




प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान प्रभारी ने कहा कि वसुंधरा राजे महिला सशक्तिकरण का जीवंत उदाहरण हैं और इस तरह के षड्यंत्र कांग्रेस की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नकली पत्र प्रकरण में पूरी पार्टी राजे के साथ मजबूती से खड़ी है और इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व और प्रशासनिक स्तर पर भी इस मामले में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा चुके हैं।

कैबिनेट में महिलाओं की कम भागीदारी को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रभारी ने कहा कि राजनीतिक निर्णय एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा महिलाओं को नेतृत्व के अवसर दिए हैं।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार ने दिया कुमारी को उपमुख्यमंत्री बनाया है, जो एक प्रभावी महिला नेतृत्व का उदाहरण है। प्रभारी अग्रवाल ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर महिला आरक्षण को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2023 में कांग्रेस ने महिलाओं के समर्थन का केवल दिखावा किया था। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस उस समय विरोध नहीं कर पाई, लेकिन अब महिला आरक्षण लागू होने की स्थिति में उसका असली चेहरा सामने आ गया है। प्रभारी ने स्पष्ट कहा कि भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और महिला आरक्षण को हर हाल में लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि देशभर में राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिए जाते हैं, लेकिन भाजपा ने हमेशा महिलाओं को उनका अधिकार देने का कार्य किया है और आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा।

## चारधाम यात्रा से पहले सावधान! हेल्थ डिपार्टमेंट की एडवाइजरी जारी

### हर 1-2 घंटे में ब्रेक, जरूरी दवाएं व उपकरण साथ रखें; बुजुर्ग और बीमार यात्री विशेष सतर्क रहें



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

उत्तराखंड की प्रसिद्ध चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अहम एडवाइजरी जारी की है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बदलते मौसम और कम ऑक्सीजन स्तर को देखते हुए यात्रियों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है, ताकि यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, पैदल या वाहन से चढ़ाई करने वाले यात्रियों को हर 1 से 2 घंटे में कम से कम 5 से 10 मिनट का विश्राम लेना अनिवार्य रूप से अपनाना चाहिए। इससे शरीर को ऊंचाई के अनुसार ढलने में मदद मिलेगी और थकान या स्वास्थ्य संबंधी जोखिम कम होंगे।

निदेशक जन-स्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि हिमालयी क्षेत्रों में अत्यधिक ठंड, कम आर्द्रता, तेज अल्ट्रा वायलेट किरणें, कम वायुदाब और ऑक्सीजन की कमी से यात्रियों का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

उन्होंने सुझाव दिया कि यात्रियों को कम से कम 7 दिन का यात्रा प्लान बनाना चाहिए, ताकि शरीर वातावरण के अनुरूप ढल सके।

विशेष रूप से बुजुर्ग, हृदय रोग, अस्थमा, उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित यात्रियों को यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच कराकर डॉक्टर से फिटनेस प्रमाण लेना आवश्यक बताया गया है।

साथ ही यात्रियों को रोजाना 20-30 मिनट टहलने और 5-10 मिनट श्वास व्यायाम करने की सलाह दी गई है, जिससे शरीर यात्रा के लिए तैयार रह सके।

यात्रा के दौरान गर्म कपड़े, रेनकोट, छाता, आवश्यक दवाएं, पल्स ऑक्सीमीटर और थर्मामीटर साथ रखना जरूरी बताया गया है। जिन यात्रियों को पहले से कोई बीमारी है, वे अपनी दवाइयों के साथ चिकित्सक का संपर्क नंबर भी अपने पास रखें।

स्वास्थ्य विभाग के सहायक निदेशक डॉ अमित शुक्ला ने बताया कि यदि किसी यात्री को सांस लेने में दिक्कत, लगातार खांसी, चक्कर आना, उल्टी, चलने में परेशानी या शरीर के किसी हिस्से में कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 104 पर कॉल कर तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त की जा सकती है।

स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि श्रद्धालु यात्रा से पहले पूरी तैयारी करें और एडवाइजरी का पालन करें, ताकि चारधाम यात्रा सुरक्षित, सुखद और स्वास्थ्यपूर्ण अनुभव बन सके।

## महिला कृषकों को मिलेगा आधुनिक खेती का प्रशिक्षण, ग्राम पंचायत स्तर पर होंगे कार्यक्रम

### राज्य सरकार की पहल: 3.30 लाख से अधिक महिलाओं को पहले ही मिल चुका लाभ, नई तकनीकों से बढ़ेगी उत्पादन क्षमता

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**


राज्य में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ कृषि क्षेत्र में उनकी भागीदारी मजबूत करने के उद्देश्य से सरकार ने ग्राम पंचायत स्तर पर महिला कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से महिलाओं को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में संचालित इस पहल के तहत राज्य सरकार पहले ही वर्ष 2025-26 में 11,019 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के जरिए 3 लाख 30 हजार 570 महिला कृषकों को लाभान्वित कर चुकी है।

कृषि आयुक्त नरेश कुमार गोयल ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में लघु एवं सीमांत, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं के साथ-साथ स्वयं सहायता समूह (SHG) से जुड़ी महिला कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे आधुनिक तकनीकों को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि कर सकें।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर किया जाएगा तथा ऐसे गांवों का चयन किया जाएगा, जहां पिछले दो वर्षों में इस प्रकार का कोई प्रशिक्षण नहीं हुआ हो, जिससे नवीनता बनी रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बीज उत्पादन तकनीक, मृदा एवं जल परीक्षण, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन, जैविक खेती और जैविक खाद निर्माण जैसी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही वर्षा जल संरक्षण, फसल अवशेष प्रबंधन, ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई, डिग्गी निर्माण, कीट एवं खरपतवार नियंत्रण और उन्नत फसल किस्मों के उपयोग पर भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।



इसके अलावा प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी, जिससे वे इनका अधिकाधिक लाभ उठा सकें।

प्रशिक्षण के दौरान महिला कृषकों का ज्ञान परीक्षण भी किया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को उपयोगी कृषि सामग्री जैसे किसान टॉर्च, बाल्टी, तसला एवं खाद-बीज आदि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए जाएंगे।

इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजीविका के प्रतिनिधियों तथा प्रगतिशील किसानों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि महिलाओं को व्यावहारिक अनुभव का लाभ मिल सके।

कृषि आयुक्त ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य केवल तकनीकी ज्ञान देना नहीं, बल्कि महिला कृषकों को विभागीय योजनाओं से जोड़कर आर्थिक स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। राज्य सरकार सतत खेती, जल संरक्षण और जैविक खेती को बढ़ावा देकर महिला कृषकों को कृषि क्षेत्र में नेतृत्व की भूमिका में स्थापित करना चाहती है।

## प्रधानमंत्री के आंसुओं पर डोटासरा का वार

### महिला आरक्षण, जनगणना और रिफाइनरी हादसे पर उठाए सवाल; बोले सरकार की मंशा पर संदेह



**भीलवाड़ा फोकस @ सीकर।**

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कई मुद्दों पर सवाल खड़े किए। महिला आरक्षण, जनगणना, परिसीमन और पचपदरा रिफाइनरी हादसे को लेकर उन्होंने सरकार की नीयत पर सवाल उठाए और कहा कि देश की जनता सब समझ रही है।

सांगलिया में आयोजित एक कार्यक्रम में डोटासरा ने प्रधानमंत्री की भावुकता पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 'जब देश का प्रधानमंत्री रो रहा था, तब हमें शर्मिंदगी महसूस हो रही थी।' उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संकटों के दौरान ऐसा नहीं देखा गया, लेकिन अब इस तरह की स्थिति सामने आ रही है।


डोटासरा ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका था, लेकिन इसके लागू करने में अनावश्यक देरी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इसे लागू करने के लिए जनगणना और परिसीमन की शर्तें जोड़ दीं, जिससे प्रक्रिया लंबी खिंच गई।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार चाहती तो समय पर जनगणना कराकर 2029 तक महिला आरक्षण लागू किया जा सकता था। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार संवैधानिक संशोधन के माध्यम से परिसीमन कर राजनीतिक लाभ लेना चाहती थी। हालांकि अब यह योजना सफल नहीं हो पाई, इसलिए 'नौटंकी' की जा रही है। डोटासरा ने पचपदरा रिफाइनरी में हुए भीषण आग हादसे को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से ठीक पहले इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद इतना बड़ा हादसा होना संदेह पैदा करता है।

## 66 लाख किसानों को मिलेगी राहत, आज जारी होगी किसान सम्मान निधि की छठी किस्त

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

राज्य के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश के 66 लाख से अधिक किसानों को बुधवार को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी किस्त के रूप में 665 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की जाएगी।



उन्होंने जानकारी दी कि जोधपुर जिले के ओसियां में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस किस्त को जारी करेंगे। इस अवसर को प्रदेशभर में व्यापक रूप से मनाने की तैयारी की गई है।

मंत्री दक ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर भी कृषि विभाग के समन्वय से आयोजन किए जाएंगे, जिनमें बड़ी संख्या में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक 5 किश्तों में 71 लाख से अधिक किसान परिवारों को 2726 करोड़ रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जा चुकी है। वहीं, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य सरकार के ढाई वर्ष के कार्यकाल में 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में 6 किस्तों में 9583 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा इस योजना के माध्यम से पात्र किसानों को हर वर्ष 3000 रुपये की अतिरिक्त सहायता दी जा रही है। इस तरह अब किसानों को कुल 9000 रुपये प्रतिवर्ष सम्मान निधि के रूप में प्राप्त हो रहे हैं।


# चेनपुरिया में भीषण आग से 7 भैंसें जिंदा जली, 6 गंभीर झुलसीं; चारा व लकड़ी राख

भीलवाड़ा फोकस @ आगूचा

( गोपाल ) । भोजरास क्षेत्र के चेनपुरिया गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां कानाराम गोदारा के बाड़े में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में आने से 7 भैंसें जिंदा जल गईं, जबकि 6 अन्य भैंसें करीब 75 प्रतिशत तक झुलस गईं।

आग लगते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि उस पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका।

सूचना मिलने पर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड , आगूचा की फायर ब्रिगेड तथा संगम मिल सरेरी से पहुंची दमकल की टीमों ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



आगजनी की इस घटना में बाड़े में रखा करीब पांच गाड़ियों का चारा और लकड़ियां भी जलकर राख हो गईं, जिससे पशुपालक को भारी नुकसान हुआ है।

# सांवलिया सेठ मंदिर भंडारः चार राउंड में दान 31 करोड़ पार, अंतिम गणना बाकी



भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।

श्री सांवलिया सेठ जी मंदिर के दान भंडार की काउंटिंग का मंगलवार को चौथा राउंड पूरा हो गया। चार चरणों की गणना के बाद कुल दान राशि बढ़कर 31 करोड़ 1 लाख 63 हजार रुपए तक पहुंच गई है।

वैशाख मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी पर खोले गए भंडार में इस बार भी श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ उदार दान दिया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार अभी अंतिम चरण की गणना शेष है, जिसमें सोने-चांदी के आभूषण, चिल्लर और अन्य सामग्री का मूल्यांकन किया जाएगा।

इससे पहले सोमवार को तीसरे चरण की काउंटिंग में 9 करोड़ 60 लाख 61 हजार 500 रुपए सामने आए थे। पहले और दूसरे चरण में कुल 17 करोड़ 62 लाख 24 हजार 500 रुपए की राशि गिनी गई थी। तीनों चरणों को मिलाकर कुल 27 करोड़ 22 लाख 86 हजार रुपए हो चुके थे।

मंगलवार को हुए चौथे राउंड में 3 करोड़ 78 लाख 77 हजार रुपए की अतिरिक्त राशि मिली,



जिससे कुल दान 31 करोड़ 01 लाख 63 हजार रुपए तक पहुंच गया।

मंदिर प्रशासन का कहना है कि भंडार में अभी भी बड़ी मात्रा में नकदी, चिल्लर और आभूषणों की गणना बाकी है। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त दान राशि को भी अंतिम आंकड़े में जोड़ा जाएगा।

प्रशासन के अनुसार पांचवें और अंतिम चरण की काउंटिंग के बाद कुल दानराशि में और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# दीप्ति गुर्जर बनी असिस्टेंट प्रोफेसर, क्षेत्र में खुशी की लहर

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद ।

राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा घोषित कॉलेज लेक्चरर (केमिस्ट्री) परीक्षा परिणाम में आसींद निवासी दीप्ति गुर्जर ने सफलता हासिल करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर चयन प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

दीप्ति गुर्जर, आसींद के दिवंगत अधिवक्ता लादू लाल गुर्जर की सुपुत्री हैं। परिवार में शिक्षा के प्रति विशेष लगाव रहा है और इसी का परिणाम है कि सभी संतानों ने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। दीप्ति के चयन के साथ ही परिवार के दो सदस्य अब राजकीय सेवा में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे पूर्व उनकी एक बहन का भी सरकारी सेवा में चयन हो चुका है।

परिणाम घोषित होने के बाद से ही दीप्ति को सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से बधाई



देने वालों का तांता लगा हुआ है। परिजन एवं शुभचिंतकों ने इसे उनकी मेहनत, लगन और पिता के आशीर्वाद का परिणाम बताया।

दीप्ति की बड़ी बहन एवं व्याख्याता अनीता गुर्जर ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि छोटी बहन की इस सफलता पर पूरे परिवार को गर्व है। उन्होंने ईश्वर से दीप्ति के उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की।

# बहनों की शादी से पहले भाई की मौत, डंपर ने कुचला; खुशियां मातम में बदलीं

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़।

जिले के पारसोली थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक की तीन बहनों की शादी भी मंगलवार को ही होनी थी, जिससे घर का खुशियों भरा माहौल पलभर में मातम में बदल गया।

पुलिस ने बताया की बड़ा खेड़ा गांव में सरकारी स्कूल के सामने तेज रफ्तार डंपर की चपेट में आने से किशन सिंह (23) पुत्र राजू सिंह गहलोत की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पारसोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया।

बताया गया कि किशन सिंह की शादी 18 अप्रैल को ही हुई थी। मंगलवार को उसकी तीन बहनों पूजा कंवर, लक्ष्मी कंवर और आरती कंवर की शादी का कार्यक्रम था। दोपहर में मायरे की रस्म चल रही थी, इसी दौरान किशन किसी काम से घर से पैदल निकला था। घर से करीब 500 मीटर दूर पहुंचते ही एक तेज रफ्तार डंपर ने उसे कुचल दिया।

हादसे की खबर मिलते ही तीनों बहनें मौके पर पहुंचीं और भाई के शव से लिपटकर फूट-फूटकर रो पड़ीं। परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल के बीच बाद में बहनों की शादी की शेष रस्में पूरी करवाई गईं।

पुलिस ने बताया कि ग्रामीणों ने डंपर चालक को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वाहन को जब्त कर चालक को थाने लाया गया है। शव को पारसोली अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। मृतक किशन सिंह परिवार का इकलौता बेटा था और अपने पिता के साथ खेती का काम करता था।

# कोबल्स व्यापारियों ने खनिज विभाग को सौंपा ज्ञापन, रॉयल्टी वसूली पर जताई आपत्ति

## खंडा पत्थर पर दोहरी रॉयल्टी से नाराजगी, निजी कर्मचारियों के व्यवहार पर भी उठे सवाल





भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।

क्षेत्र के कोबल्स व्यापारियों ने मंगलवार को खनिज एवं भू-विज्ञान विभाग के फोरमेन गिरिराज मीणा को विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए समाधान की मांग की।

व्यापारियों ने बताया कि वे पिछले करीब 15 वर्षों से वेस्टेज पत्थर (खंडा) एकत्रित कर कोबल्स निर्माण का कार्य कर रहे हैं। पूर्व में इस प्रकार के पत्थरों पर अलग से किसी प्रकार की रॉयल्टी नहीं ली जाती थी, लेकिन हाल ही में विभाग के रॉयल्टी कर्मचारियों द्वारा खंडा पत्थर पर भी रॉयल्टी वसूली की जा रही है।

उन्होंने कहा कि तैयार कोबल्स पर वे पहले से ही प्रति टन 200 रुपये की दर से नियमित रॉयल्टी जमा करवा रहे हैं। इसके बावजूद खंडा पत्थर पर अलग से 80 रुपये प्रति टन की रॉयल्टी की मांग की जा रही है, जिससे व्यापारियों पर दोहरा आर्थिक भार पड़ रहा है।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के शक्करगढ़ चौराहा, भोपतपुरा, कास्या, इन्द्रपुरा और मेनाल सहित विभिन्न रॉयल्टी नाकों पर इन दिनों निजी कर्मचारियों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है। इन कर्मचारियों का व्यवहार वाहन चालकों, व्यापारियों एवं आमजन के प्रति उचित नहीं होने से क्षेत्र में नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

उन्होंने यह भी बताया कि स्टॉक से माल लेकर निकलने वाले वाहनों को वजन और बिल बनने से पहले ही नाकों पर रोककर रॉयल्टी कटवाने का दबाव बनाया जाता है, जो नियमों के विरुद्ध है। व्यापारियों का कहना है कि बिना वजन और बिल के रॉयल्टी कटवाना संभव नहीं है।

कोबल्स व्यापारी संघ ने खनिज विभाग से मांग की है कि पूर्व व्यवस्था के अनुसार खंडा पत्थर पर रॉयल्टी वसूली बंद की जाए तथा सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, जिससे व्यापारियों को राहत मिल सके।

# एसडीएम के नाम पर 15 हजार की रिश्वत लेते कर्मचारी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की अलवर प्रथम चौकी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दौसा जिले के बांदीकुई में एसडीएम के नाम पर रिश्वत लेते एक कर्मचारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी आदित्य शर्मा (प्रयोगशाला सहायक), जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसवा में पदस्थापित है और वर्तमान में एसडीएम कार्यालय बांदीकुई में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत था, को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया। एसीबी के पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि परिवादी ने एसीबी हेल्पलाइन नंबर 1064 पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि 'मानसी बनाम शिवलखन व अन्य' प्रकरण में 15 अप्रैल 2026 को एसडीएम कोर्ट बांदीकुई में दावा प्रस्तुत किया गया था। आरोप है कि उपखण्ड अधिकारी रामसिंह राजावत ने प्रकरण में स्टे आदेश जारी करने की एवज में 30 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की, जो अपने अधीन कार्यरत कर्मचारी



आदित्य शर्मा के माध्यम से ली जानी थी।एसीबी ने 17 अप्रैल 2026 को शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग की पुष्टि हुई। इसके बाद ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई।

उप महानिरीक्षक पुलिस (चतुर्थ) भुवन भूषण के सुपरविजन तथा एसीबी चौकी अलवर प्रथम के प्रभारी एवं उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आदित्य शर्मा को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

एसीबी के अनुसार आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले में अन्य संभावित लिप्त व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

# 8 साल बाद राजस्थान बार काउंसिल चुनाव आज, 84 हजार वकील करेंगे मतदान

भीलवाड़ा फोकस @ जोधपुर ।

राजस्थान बार काउंसिल (BCR) के चुनाव बुधवार, 22 अप्रैल को आयोजित होंगे। करीब 8 साल बाद हो रहे इस चुनाव को लेकर प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में खासा उत्साह है। 25 सदस्यीय परिषद के गठन के लिए 84 हजार 247 पंजीकृत मतदाता वकील अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इस बार चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में मतदान कराया जा रहा है। चुनाव में कुल 234 प्रत्याशी मैदान में हैं, जो परिषद के 25 पदों के लिए अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें से 23 पदों पर प्रत्यक्ष चुनाव होगा, जबकि 2 सदस्यों का बाद में मनोनयन किया जाएगा।चुनाव 'एकल हस्तांतरणीय मत' (Single Transferable Vote) प्रणाली के तहत होगा। इस प्रणाली में मतदाता एक ही मत डालेंगे, लेकिन मतपत्र पर उम्मीदवारों को वरीयता क्रम (1, 2, 3...) में अंकित करना अनिवार्य होगा, जिससे परिणाम अधिक प्रतिनिधिक बन सके। चुनाव की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश सुधांशु धूलिया को राष्ट्रीय



स्तर पर पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं राजस्थान के लिए जे. आर. मिड्ढा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है और मनोज गर्ग को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। इस बार मुख्य निर्वाचन अधिकारी की जिम्मेदारी वरिष्ठ अधिवक्ता सचिन आचार्य निभा रहे हैं।

प्रदेशभर में स्थापित 239 मतदान केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। प्रत्येक मतदान केंद्र पर स्थानीय उपखंड अधिकारी को ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया गया है, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रह सके। मतदान के बाद 22 से 28 अप्रैल तक मतपेटियों का संकलन किया जाएगा, जबकि 29 अप्रैल से मतगणना शुरू होगी। चुनाव को लेकर अधिवक्ता समुदाय में उत्सुकता बनी हुई है।

# डेढ़ महीने से गायब कॉन्स्टेबल सस्पेंड, देर रात थाने पहुंचा तो आमद लेने से किया इनकार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।

गर्वित । शहर के उद्योग नगर थाने में तैनात एक कॉन्स्टेबल को लंबे समय से बिना सूचना गैरहाजिर रहने पर निलंबित कर दिया गया। सिटी एसपी तेजस्विनी गौतम ने अनुशासनहीनता को गंभीर मानते हुए सोमवार को कॉन्स्टेबल मनीष चौधरी पर कार्रवाई करते हुए उसे सस्पेंड कर दिया।

जानकारी के अनुसार, कॉन्स्टेबल मनीष चौधरी पिछले करीब डेढ़ से दो महीने से बिना किसी सूचना के ड्यूटी से गायब था। इस दौरान उसने न तो विभाग को कोई सूचना दी और न ही अधिकारियों के निर्देशों का पालन किया, जिससे मामला विभाग के संज्ञान में गंभीर रूप से लिया गया।

एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि कॉन्स्टेबल को 24 फरवरी को कोटा रेंज आईजी ऑफिस में पेश होने के निर्देश दिए गए थे। वह उद्योग नगर थाने से रिलीव भी हो गया, लेकिन आईजी ऑफिस में पेश नहीं हुआ। इसके बाद वह वापस थाने में भी ड्यूटी पर नहीं लौटा। लगातार अनुपस्थिति और आदेशों की अवहेलना के चलते उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई।

मामले की जांच डीएसपी रुद्र प्रकाश शर्मा को सौंपी गई है। जांच में यह स्पष्ट किया जाएगा कि कॉन्स्टेबल इस दौरान कहां था, उसने ड्यूटी क्यों नहीं जॉइन की और आईजी कार्यालय में पेश क्यों नहीं हुआ। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

इधर, सस्पेंशन की सूचना मिलने के बाद कॉन्स्टेबल देर रात करीब एक बजे उद्योग नगर थाने पहुंचा और अपनी आमद दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी ने उसकी आमद लेने से इनकार कर दिया।



पुलिस विभाग इस पूरे मामले को अनुशासनहीनता का गंभीर उदाहरण मानते हुए सख्ती से कार्रवाई की प्रक्रिया में जुटा हुआ है।





QUICK BITES

## गौ सम्मान आव्हान अभियान को लेकर भीलवाड़ा में बैठक, जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर

**मंत्री गौतम दक, सांसद दामोदर अग्रवाल और विधायक अशोक कोठारी रहे मौजूद**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



शहर में राष्ट्रव्यापी गौ सम्मान आव्हान अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक विधायक अशोक कुमार कोठारी के कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक और सांसद दामोदर अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत में विधायक कोठारी ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान मंत्री गौतम दक ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल केवल गौ संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक व्यापक प्रयास है।

उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक कर उन्हें सक्रिय रूप से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे गौवंश की रक्षा के साथ-साथ उससे जुड़े आर्थिक और सामाजिक पहलुओं को भी मजबूती मिल सके।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने भी अभियान का समर्थन करते हुए जिलेवासियों से अधिकाधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहायक होते हैं और सामूहिक प्रयास से ही इनके बेहतर परिणाम सामने आते हैं।

विधायक अशोक कुमार कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में हमेशा अग्रणी रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गौ सम्मान आव्हान अभियान को जिले के नागरिकों का व्यापक समर्थन मिलेगा और यह जनआंदोलन का रूप लेगा।

बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर संत लाल महाराज, संत दादूदयाल महाराज, संत चेतनदास महाराज, हाथी भाटा आश्रम के संत दास महाराज सहित अनेक संत-महात्मा, गौसेवक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा बाबूलाल टाक, एडवोकेट अर्पित कोठारी, कांतिलाल जैन, देवेन्द्र कुमावत, मनोज प्रताप, चितवन व्यास, छीतरमल गैंगट सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रीको का बड़ा कदमः 'प्लग एंड प्ले' सुविधा से आसान होगा उद्योग लगाना, युवाओं को मिलेगा रोजगार

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।



राज्य में औद्योगिक विकास को नई गति देने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुरूप रीको ने 'प्लग एंड प्ले' औद्योगिक सुविधा विकसित करने की तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए संभागीय स्तरों सहित किशनगढ़ में उपयुक्त भूखंडों का चयन कर लिया गया है। यह अत्याधुनिक सुविधा रीको के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विकसित की जाएगी, जिससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों (एमएसएमई) को कम समय और कम लागत में उद्योग स्थापित करने का अवसर मिलेगा। इस मॉडल के तहत उद्यमियों को रेडी-टू-मूव औद्योगिक स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें निर्माण और आधारभूत ढांचे पर अलग से समय और खर्च नहीं करना पड़ेगा।

राज्य के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में यह सुविधा विकसित की जाएगी। इनमें जयपुर का सीतापुरा फेज-तृतीय, बीकानेर का करणी औद्योगिक क्षेत्र, जोधपुर का बोरानाडा एग्रो फूड पार्क, भरतपुर का ब्रज औद्योगिक क्षेत्र, किशनगढ़ का खोड़ा, उदयपुर का आईआईडी सेंटर कलड़वास, कोटा का एग्रो फूड पार्क-रानपुर और अजमेर का आईटी पार्क माकड़वाली शामिल हैं।

इन भूखंडों का आवंटन ऑनलाइन ई-ऑक्शन के माध्यम से रेंटल आधार पर 15 वर्षों के लिए किया जाएगा, जिसे आगे 10 वर्षों तक बढ़ाया जा सकेगा। किराये की आधार दर संबंधित औद्योगिक क्षेत्र की प्रचलित दर का 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष प्रति वर्गमीटर होगी, जिसमें हर वर्ष 5 प्रतिशत की वृद्धि भी लागू होगी।

रीको द्वारा पहले चरण में जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में फ्लेटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स के तहत 14 रेडी-टू-मूव मॉड्यूल्स का लाइसेंस आधार पर आवंटन किया जा चुका है। वहीं बालोतरा के बोरावास-कलावा औद्योगिक क्षेत्र में 7.10 करोड़ रुपये की लागत से दो प्लग एंड प्ले फैक्ट्री शेड के निर्माण कार्य शुरू हो चुके हैं। इसके अलावा छह अतिरिक्त शेड के निर्माण को भी स्वीकृति मिल चुकी है।

रीको की यह पहल उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने के साथ-साथ राज्य में निवेश को आकर्षित करेगी और बड़े पैमाने पर रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# मोबाइल स्मार्ट है, लेकिन उपयोगकर्ता का स्मार्ट होना अधिक जरूरीः एडवोकेट अशोक जैन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




महात्मा गांधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय, पुलिस लाइन, भीलवाड़ा में 'साइबर क्राइम एवं विद्यार्थियों के अधिकार एवं कर्तव्य' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान में चल रहे राज्यव्यापी अभियान 'Transformative Tuesdays Navigating Life Legally' के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसके माध्यम से प्रदेशभर के विद्यालयों में साइबर सुरक्षा और कानूनी जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थ विशेषज्ञ एडवोकेट अशोक जैन ने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए सरल और व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि अनजान लिंक पर क्लिक करना, फर्जी मैसेज पर विश्वास करना और ओटीपी साझा करना जैसी छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े आर्थिक और सामाजिक नुकसान का कारण बन सकती हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार जैसे अकाउंट हैकिंग, फेक आईडी, साइबर बुलिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से बताया तथा स्पष्ट किया कि ऐसे अपराध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, भारतीय दंड संहिता एवं पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर समस्या होने पर 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया जा सकता है या www.cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकती है, और ऐसी स्थिति में तुरंत अभिभावकों एवं शिक्षकों को सूचित करना चाहिए।

अधिकारों और कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, गोपनीयता की रक्षा और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा, 'मोबाइल स्मार्ट है, लेकिन उससे भी अधिक आवश्यक है कि उपयोगकर्ता स्मार्ट हो। सावधानी ही साइबर सुरक्षा है। '

कार्यक्रम में शांतिलाल जैन, प्रहलाद राय व्यास और कुणाल ओझा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रवि वशिष्ठ, व्याख्याता सुनील राय पोरवाल, सौरभ गौड़ सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील राय पोरवाल ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना और उन्हें साइबर अपराधों के प्रति सजग बनाना रहा।

# लघु उद्योग भारती मनाएगी सेवा कार्य के रूप में स्थापना दिवस, लगाएगी विशाल चिकित्सा शिविर

**मुख्य, ग्रोथ सेंटर और महिला इकाई का संयुक्त आयोजन, 25 अप्रैल को स्वरूपगंज में जुटेंगे विशेषज्ञ**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राष्ट्र और उद्योग हित को समर्पित संगठन लघु उद्योग भारती द्वारा अपने स्थापना दिवस को सेवा कार्य के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस उपलक्ष्य में भीलवाड़ा की तीनों इकाइयांकृ मुख्य इकाई, ग्रोथ सेंटर इकाई और महिला इकाई मिलकर एक वृहद चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन करने जा रही हैं। लघु उद्योग भारती मुख्य इकाई के अध्यक्ष शंभू काबरा ने बताया कि आगामी 25 अप्रैल, शनिवार को रीको ग्रोथ सेंटर, स्वरूपगंज स्थित श्री नाकोड़ा इंफ्रास्टील प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में यह शिविर आयोजित होगा। कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए ग्रोथ सेंटर इकाई के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने जानकारी दी कि शिविर का शुभारंभ प्रातः 9.15 बजे होगा, जिसमें औद्योगिक क्षेत्र के श्रमिकों व आमजन को एक ही छत के नीचे विभिन्न विशेषज्ञ सेवाएं मिलेंगी। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर महिला इकाई की अध्यक्ष पल्लवी लढा ने बताया कि शिविर में बृजेश बांगड़ मेमोरियल हॉस्पिटल के तकनीकी सहयोग से बीपी, शुगर और ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें निःशुल्क की जाएंगी, साथ ही नेत्र रोगों का परामर्श भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रामस्नेही चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा दंत रोगों की जांच कर उचित सलाह दी जाएगी। पूरे आयोजन के प्रबंधन को लेकर कार्यक्रम प्रभारी अंकित सूर्या ने बताया कि शिविर स्थल (आरसीएम से आगे, स्वरूपगंज) पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों से इस निशुल्क शिविर का लाभ उठाने की अपील की है। लघु उद्योग भारती, जो कि लघु उद्योगों का एकमात्र अखिल भारतीय संगठन है, इस आयोजन के माध्यम से औद्योगिक स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का संदेश दे रहा है।

# सांवरिया सेठ मंदिर में 30 को सजेगी नृसिंह लीला, हिरण्यकश्यप वध का होगा मंचन

**बाइक और खुली जीप में निकलेगा हिरण्यकश्यप, प्रहलाद की भक्ति से गूंजेगा नौगांवा का मंदिर**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

धर्मनगरी भीलवाड़ा के आस्था के केंद्र नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में आगामी दिनों में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। मंदिर प्रबंधन और भक्तों द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में 30 अप्रैल को नृसिंह जयंती के अवसर पर बुराई पर अच्छाई की जीत का जीवंत मंचन किया जाएगा। नौगांवा स्थित सांवरिया सेठ मंदिर में नृसिंह लीला का आयोजन किया जाएगा। पिछले 8 वर्षों से अनवरत जारी इस परंपरा में इस बार कुछ नयापन जोड़ा गया है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि इस बार नृसिंह लीला के पात्रों के लिए विशेष पोशाकें मध्य प्रदेश के इंदौर से मंगवाई गई हैं। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में हिरण्यकश्यप का वध और भक्त प्रहलाद की रक्षा का सजीव चित्रण होगा। धार्मिक उत्सव को आधुनिक और व्यापक बनाने के लिए इस बार विशेष प्रयोग किया जा रहा है। सोडाणी ने बताया कि दो युवकों को हिरण्यकश्यप का रूप धराया जाएगा। इनमें से एक को खुली जीप में पुराने शहर की गलियों और विभिन्न कॉलोनियों में भ्रमण कराया जाएगा, जबकि दूसरा युवक बाइक से ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचेगा। इस अनूठी पहल का उद्देश्य शहर के साथ-साथ ग्रामीण परिवेश के लोगों को भी इस जीवंत लीला से जोड़ना है। सजीव मंचन के लिए पात्रों का चयन कर लिया गया है। प्रदीप पाराशर भगवान नृसिंह का रौद्र रूप धारण करेंगे, जबकि प्रिंस पाराशर भक्त प्रहलाद के किरदार में नजर




आएंगे। वहीं, असुर राज हिरण्यकश्यप की चुनौतीपूर्ण भूमिका उदयलाल कुमावत और मोनू माली निभाएंगे। वैशाख शुक्ल चौदस के दिन होने वाले इस आयोजन में मंदिर प्रांगन में एक विशाल खंभा बनाया जाएगा। संध्या वेला में भगवान नृसिंह इसी खंभे को फाड़कर प्रकट होंगे और हिरण्यकश्यप का संहार करेंगे। इस रोमांचक और भक्तिमय दृश्य के बाद भव्य महाआरती की जाएगी और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण होगा। समस्त आयोजन भक्त मंडल और मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में संपन्न होगा। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण वैकुंठ धाम के समान प्रतीत हो रहा है। भक्तों में इस दिव्य महोत्सव को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार दर्शन समय का ध्यान रखें और उत्सव के दौरान अनुशासन बनाए रखें। कार्यक्रम का संयोजक अमन शर्मा, श्रवण सेन और मुकेश सोनी को बनाया गया है।

# पक्षियों के लिए बांधे परिंडे, दाने-पानी की सौंपी जिम्मेदारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा

राजेंद्र मार्ग स्कूल की उच्च प्राथमिक विद्यालय विंग में भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मानवीय पहल की गई। मंगलवार को स्कूल परिसर में स्थित पेड़ों पर पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए।

प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह गहलोत ने बताया कि बढ़ती गर्मी में बेजुबान पक्षियों के लिए पानी का संकट खड़ा हो जाता है। इसी मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए स्कूल परिसर के विभिन्न पेड़ों पर सुरक्षित स्थान देखकर परिंडे लगाए गए हैं।

प्रधानाचार्य ने केवल परिंडे बांधने तक ही इतिश्री नहीं की, बल्कि इनमें नियमित रूप से दाना और पानी भरने के लिए स्टाफ सदस्यों को जिम्मेदारी भी सौंपी। उन्होंने मिडिल सेक्शन शिक्षक रश्मि इन्टोदिया, गुमान सिंह जैन, लीना सैनी, सरोज धाकड़, रानू सोडाणी, पूजा शर्मा, इंदिरा सोमानी, शाहीन खान व शशि को इन परिंडों की नियमित देखरेख और दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्यालय की इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में भी जीव-जंतुओं के प्रति दयाभाव और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है।



# भगवान चारभुजा नाथ, बडा मंदिर में लाहोटी परिवार ने श्रद्धा भाव से चढ़ाई ध्वजा, गूंजे जयकारें

## धार्मिक अनुष्ठान में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पूजा-अर्चना के साथ क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



शहर के बडा मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब लाहोटी परिवार और श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में ध्वजा चढ़ाने का विशेष आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में परिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में भक्ति रस की अनुभूति हुई। साथ ही इस अवसर पर दूर-दूर से आए भक्तों ने भगवान चारभुजा नाथ के दर्शन कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। पुरा मंदिर परिसर 'जय चारभुजा नाथ' के जयकारों से गूंज उठा। ध्वजा चढ़ाने की परंपरा इस मंदिर की एक विशेष पहचान है, जिसमें भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर या विशेष अवसरों पर मंदिर में ध्वजा अर्पित करते हैं। आज के आयोजन में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और पूरे विधि-विधान के साथ ध्वजा चढ़ाई गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजा पूजन कराया गया। महाआरती के बाद लाहोटी परिवारजन और मौजूद श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव से ध्वजा को अपने कंधों पर उठाकर मंदिर की परिक्रमा की उसके बाद ध्वजा को मंदिर के शिखर तक पहुंचाया। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्ति संगीत और ढोल-नगाड़ों की धुन ने माहौल को और अधिक पावन बना दिया। पंडित मनीष पाराशर ने बताया की ध्वजा चढ़ाने से भगवान की विशेष कृपा प्राप्त होती है और यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। भक्तगण अपनी-अपनी आस्था के अनुसार ध्वजा अर्पित करते हैं और परिवार की सुख-शांति की प्रार्थना करते हैं। ध्वजा चढ़ाने के बाद मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। 'मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई' और 'चारभुजा नाथ के दरबार में' जैसे भजनों ने भक्तों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। महिलाओं और युवाओं ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान जगदीश लाहोटी, श्यामलाल, दिनेश लाहोटी सहित पहलादराय बजाज, बालमुंकद राठी, शिव तोषनीवाल, रमेश बाहेती, कैलाश देवपुरा, अर्पित बिड़ला, हरीश भंडारी, केदार देवी, रतन देवी बजाज, गौरी लाहोटी, उर्मिला राठी, हंसा, कोमल लाहोटी, रेखा, सुधा देवपुरा, सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 45 साल बाद भी सरकारी भवन अतिक्रमण की जद में, ग्रामीणों में रोष





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

रायपुर क्षेत्र के मोखुंदा गांव में करीब 45 साल पहले ग्राम विकास की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बनाए गए सरकारी भवन आज भी अतिक्रमण की जद में हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पशु चिकित्सालय, आंगनवाड़ी केंद्र और लेडीज डॉक्टर क्वार्टर जैसे महत्वपूर्ण भवन वर्षों से कब्जे में हैं, जिससे गांव के लोगों को इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

जानकारी के अनुसार वर्ष 1980 में तत्कालीन सरपंच बादर मल जैन ने गांव के विकास कार्यों के लिए स्थानीय निवासी शंकर लाल कलाल से 18 बिस्वा भूमि खरीदी थी। इस भूमि पर बाद में पशु चिकित्सालय, आंगनवाड़ी केंद्र तथा लेडीज डॉक्टर क्वार्टर का निर्माण कराया गया। उस समय इन भवनों के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे।

ग्रामीणों का कहना है कि समय बीतने के साथ इन सरकारी भवनों पर अतिक्रमण हो गया और आज स्थिति यह है कि सरकारी उपयोग के लिए निर्मित भवन निजी कब्जे में हैं। मामले को लेकर लंबे समय से विवाद बना हुआ है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2002 में भी संबंधित भूमि के दस्तावेज निकलवाए गए थे, जिनमें यह भूमि ग्राम पंचायत द्वारा खरीदी गई होना सामने आया था, लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूर्ण रूप से नहीं हो सकी।

ग्रामीणों के अनुसार सीमा विवाद और लंबी कानूनी प्रक्रिया के चलते मामला लगातार उलझता गया। वर्षों से यह प्रकरण कागजी कार्रवाई और अदालती प्रक्रिया के बीच अटका हुआ है, जिससे गांव की सार्वजनिक संपत्तियां अपने मूल उपयोग से दूर हो गई हैं।

# फसल बीमा से किसानों को बड़ी राहतः 11,700 से अधिक किसानों के खातों में 8 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि जमा

## विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के प्रयास रंग लाए, अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को मिला सहारा

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा**



**(परमेश्वर)** शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। वर्ष 2025 के खरीफ सीजन में हुई अतिवृष्टि से फसल खराबे के बाद प्रभावित किसानों को अब आर्थिक सहायता मिलनी शुरू हो गई है। क्षेत्र के विधायक डॉ. लालाराम बैरवा की सतत निगरानी, उच्च स्तर पर संवाद और प्रशासन के साथ समन्वय के चलते प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों के खातों में बीमा राशि हस्तांतरित की गई है।

जानकारी के अनुसार शाहपुरा और फुलिया कला उपखण्ड के करीब 8,000 किसानों के खातों में कुल 6 करोड़ 50 लाख रुपये जमा किए गए हैं। वहीं बनेड़ा उपखण्ड के लगभग 3,700 किसानों को 1 करोड़ 50 लाख रुपये की बीमा राशि दी गई है।

इस प्रकार कुल मिलाकर 11,700 से अधिक किसानों को 8 करोड़ रुपये से ज्यादा की राहत राशि प्राप्त हुई है, जिससे किसानों को हुए नुकसान की आंशिक भरपाई संभव हो सकी है।

यह आर्थिक सहायता किसानों के लिए राहतकारी साबित हो रही है और वे आगामी कृषि कार्यों की तैयारी भी बेहतर ढंग से कर सकेंगे। क्षेत्र के किसानों ने इस पहल के लिए सरकार और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया है।

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि समय पर सहायता उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और वे क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे।

उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़े, तो उसके समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

इस दौरान क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने विधायक का स्वागत कर उनके प्रयासों की सराहना की।

# सरकारी स्कूलों में फिर से पासबुक से पढ़ाई की अनुमति, 9 साल पुराना प्रतिबंध खत्म

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने नहीं की अपील, पूर्व के सभी आदेश निरस्त

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान के सरकारी स्कूलों में अब एक बार फिर पासबुक के माध्यम से पढ़ाई कराई जा सकेगी। हाईकोर्ट के आदेश के बाद राज्य सरकार ने इस मामले में आगे अपील नहीं करने का निर्णय लेते हुए करीब 9 साल पुराने प्रतिबंध को समाप्त कर दिया है।

माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी (DEO) डॉ. रामगोपाल शर्मा ने 20 अप्रैल को निर्देश जारी करते हुए पूर्व में जारी दो आदेशों को वापस लेने की कार्रवाई की है। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में पासबुक के उपयोग पर लगी रोक औपचारिक रूप से समाप्त हो गई है।

गौरतलब है कि वर्ष 2018 में माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा पासबुक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया था। विभाग का मानना था कि पासबुक के कारण विद्यार्थियों में रटंत प्रवृत्ति बढ़ती है और वे मूल अध्ययन से दूर हो जाते हैं। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि किसी छात्र या शिक्षक के पास पासबुक पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद वर्ष 2023 में भी माध्यमिक शिक्षा निदेशक स्तर से इसी आदेश को पुनः लागू करते हुए प्रतिबंध को बरकरार रखा गया था।



हालांकि, इस निर्णय को प्राइवेट प्रकाशक 'संजीव पासबुक' द्वारा अदालत में चुनौती दी गई। मामले की सुनवाई के दौरान 12 फरवरी 2026 को जयपुर स्थित हाईकोर्ट की खंडपीठ ने इस प्रतिबंध पर रोक लगा दी।

हाईकोर्ट के स्टे के बाद सरकार के पास अपील करने का विकल्प मौजूद था, लेकिन राज्य सरकार ने इस मामले में आगे अपील नहीं करने का निर्णय लिया। इसके बाद 17 मार्च 2026 को संयुक्त विधि परामर्शी ऋतु शर्मा द्वारा आदेश जारी कर पासबुक पर लगे प्रतिबंध को हटाने के निर्देश दिए गए।

इस फैसले के साथ ही वर्ष 2018 और 2023 में जारी सभी आदेश निरस्त हो गए हैं। अब सरकारी स्कूलों में पासबुक का उपयोग फिर से शुरू हो सकेगा और छात्रों या शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान भी समाप्त हो गया है।

QUICK BITES

# भव्य कलश यात्रा के साथ आज से विराट शिलान्यास महोत्सव का शुभारंभ होगा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



वल्लभ कंचन बालाजी धाम ओवन में आयोजित विराट शिलान्यास महोत्सव का आज भव्य एवं आध्यात्मिक वातावरण में शुभारंभ होगा। कार्यक्रम की शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ सुबह 8 बजे से होगी, जिसमें क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं युवा उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

कलश यात्रा प्रातः निर्धारित समय पर श्री देव दरबार, डूंगरी ओवन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए धाम परिसर तक पहुंचेंगी। यात्रा के दौरान भक्तजन भक्ति गीतों, जयकारों एवं ढोल-नगाड़ों के साथ वातावरण को भक्तिमय बनाएंगे,एवं जगह जगह पर मार्ग में पुष्प वर्षा एवं जलपान की व्यवस्था भक्तों द्वारा होगी

महिलाएं सिर पर कलश धारण कर श्रद्धा और आस्था का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती हुई दिखेगी, वहीं युवाओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा व्यवस्थाओं का सुचारू संचालन किया जायेगा।

इस पावन अवसर पर संत-महात्माओं एवं गणमान्य अतिथियों का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ। विधि-विधान से पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिलान्यास महोत्सव की शुरुआत की गई।

आयोजक समिति के संस्थापक कृष्णतनय जी महाराज के अनुसार, आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक,जैसे श्रीराम कथा,पंच कुंडीय श्रीराम मारुति महायज्ञ एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रवासी अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# प्रथम सकल हिंदू सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक सम्पन्न, आज गणेश जी की विदाई व सम्मान समारोह

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित भीलवाड़ा का प्रथम सकल हिंदू सामूहिक विवाह सम्मेलन अत्यंत श्रद्धा, भव्यता और सुव्यवस्थित आयोजन के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समाज की एकता, समरसता और सेवा भावना का यह आयोजन ऐतिहासिक रहा, जिसमें बड़ी संख्या में संत-महंतों, भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

ऋष्य श्रृंग संस्थान , हरनी महादेव रोड़ ,शास्त्री नगर प्रांगण में आयोजित इस भव्य आयोजन में 31 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे और सभी नवदंपत्तियों को संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक वातावरण, वैदिक रीति-रिवाजों और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।

आयोजन के सफल संपन्न होने के उपलक्ष्य में 22 अप्रैल को सायं 4 बजे समारोह प्रारंभ हो जाएगा तत्पश्चात प्रथम पूज्य भगवान गणेश जी की विदाई यात्रा निंबार्क आश्रम से प्रारंभ होगी जो भजन कीर्तन के साथ गांधी नगर स्थित गणेश मंदिर पहुंचेगी । यह विदाई यात्रा महंत मोहन शरण जी शास्त्री के सानिध्य में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा भामाशाह सम्मान एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। आयोजन में सहयोग देने वाले सभी समाजबंधुओं, दानदाताओं, कार्यकर्ताओं और मीडिया प्रतिनिधियों का अभिनंदन किया जाएगा।

ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी दिलीप सोनी ने बताया कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एकजुट करने और सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बना है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया।

# निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण, गुणवत्ता से समझौता नहीं करने के निर्देश

## एसडीओ और तहसीलदार ने लिया कार्य का जायजा, पारदर्शिता व समयबद्धता पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



शाहपुरा शहर में निर्माणाधीन खेल स्टेडियम (स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) का प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार मीणा एवं तहसीलदार भींवराज परिहार ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की तथा संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्धारित मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार मीणा ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ताहीन सामग्री या कार्य पाया जाता है, तो उसे तत्काल हटाकर पुनः कार्य कराया जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही अधिकारियों ने कार्य की पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखने पर भी जोर दिया, ताकि परियोजना निर्धारित समय में पूर्ण हो सके और क्षेत्र के खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।